हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025

04 धूमधाम से की गई गोवर्धन की पूजा श्रद्धालुओं ...



07 धान में हुए नुकसान का किसानों को मुश्किल ही...





## खबर संक्षेप

### डॉ.उमाशंकर शुक्ल स्मृति आयोजन 25 अक्टूबर को

**सागर।** सुप्रसिद्ध साहित्यकार, पत्रकार, राजनीतिज्ञ और शिक्षाविद स्व.डॉ.उमाशंकर शुक्ल का स्मृति आयोजन श्यामलम संस्था द्वारा कांची होटल सभागार सिविल लाइन सागर में 25 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 1.30 बजे से किया जायेगा.। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ गांधीवादी चिंतक शुकदेव प्रसाद तिवारी होंगे। अध्यक्षता प्रखर वक्ता जवाहर अग्निहोत्री एडवोकेट करेंगे तथा सुप्रसिद्ध साहित्यविद डॉ.सुरेश आचार्य सारस्वत अतिथि होंगे। संचालन म. प्र. हिंदी साहित्य सम्मेलन सागर के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी करेंगे। इस अवसर पर श्यामलम अध्यक्ष उमा कांत मिश्र एवं शुक्ल परिवार के डॉ. शैलेन्द्र व सोमेन्द्र शुक्ल ने सभी प्रबुद्धजन से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### नियम विरुद्ध भुगतान करने पर शिक्षक निलंबित

**सागर।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सीमा कौशल उच्च माध्यमिक शिक्षक (तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य) शासकीय उ.मा.वि. मंडी बामोरा विकासखण्ड बीना जिला सागर को नियम विरुद्ध भुगतान करने एवं वसूली की राशि जमा नहीं करने पर निलंबित किया। कमिश्नर कार्यालय से जारी निलंबन आदेश के अनुसार संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग सागर द्वारा प्रस्ताव के माध्यम से लेख किया गया कि जिला शिक्षा अधिकारी सागर के जांच प्रतिवेदन के अनुसार सीमा कौशल उच्च माध्यमिक शिक्षक शासकीय उ.मा.वि. मंडी बामोरा विकासखण्ड बीना जिला सागर के कार्यकाल का आडिट दल गठित कर संस्था की स्थानीय निधियों का परीक्षण कराया गया जिसमें नियम विरुद्ध भुगतान समेत अन्य अनियमितताएं पाई गयीं। ऑडिट दल द्वारा प्रस्तुत जाँच प्रतिवेदन के आधार पर सीमा कौशल का प्रतिउत्तर चाहा गया, प्रतिउत्तर समाधानकारक नहीं पाए जाने पर 40900 रुपए की वसूली हेतु निर्देश दिए जाकर पुनः पत्र जारी किया गया, किन्तु संबंधित द्वारा नियम विरुद्ध भुगतान की राशि संस्था के खाते में जमा नहीं की गई। जांच प्रतिवेदन में बताया गया कि सीमा कौशल के द्वारा प्राचार्य के आदेशों/ निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है, कौशल अपने मूल कर्तव्य को छोडकर संस्था के कर्मचारियों, प्राचार्य की अनावश्यक शिकायतों में संलग्न रहती है जिससे विद्यालय का वातावरण दूषित होता है एवं छात्र-छात्राओं का अध्यापन कार्य प्रभावित होता है।

### युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन 27 अक्टूबर को

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 27 अक्टूबर को शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय सागर के परिसर में प्रातः 11 बजे से किया जा रहा है। आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेंटिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदकों कों साक्षात्कार के लिये रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आई डी, दो पासपोर्ट साइज के फोटो, शैक्षणिक योग्यता संबंधी (अंकसूची) प्रमाण पत्र अपने साथ आवश्यक रूप से लाये। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों के लिये चयन किया जाएगा।

कमिश्नर ने की गोवर्धन पूजा, स्व सहायता समूह की महिलाओं सदस्यों से की चर्चा

# गौ सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं, गौ माता की सेवा पवित्र कार्यः संभाग कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

गौ सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं एवं गौ माता की सेवा बड़ा पवित्र कार्य। उक्त विचार संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने राहतगढ़ विकास खंड की सिहोरा में सरगम गौशाला पहुंचकर गोवर्धन पूजा कर एवं गौ माता को घास और गुड़ खिलाते हुए व्यक्त किए । इस अवसर पर सरगम सहायता समूह प्रीति राजपूत, संध्या राजपूत, सरोज सुलोचना, अशोक रानी, लीला पटेल, राधा प्रजापति, क्रांति प्रजापति, एसडीएमसी रोहित वर्मा, पशु चिकित्सा विभाग उपसंचालक एस एन सोनी, डॉक्टर नितेश शाह, आजीविका मिशन की ओर से अनूप तिवारी, विकासखंड प्रबंधक अभिषेक ठाकुर, मनीष किलेदार, अभिषेक टुंडेल, ग्राम पंचायत सचिव महादेव दुबे, गौ सेवक चतुर सिंह सहित अन्य ग्रामवासी एवं अधिकारी मौजूद थे। संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने कहा कि सभी को गौमाता की सेवा और



गौपालन करना चाहिए। हमारी सनातन संस्कृति हमें प्रकृति से जुड़ना सिखाती है। गौमाता अपने बछड़े के साथ हम सबका भी ध्यान रखती हैं। संभाग कमिश्नर श्री सुचारी ने कहा कि गौशाला में निजी घरेलू बिजली के बिल की व्यवस्था शीघ्र कराई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए की गौशाला में प्रत्येक सप्ताह गोवंश का चेकअप किया जावे एवं टीकाकरण भी करें। कार्यक्रम में सुचारी ने गौशाला के सेवादारों को शालश्री फल देकर सम्मान किया। गौ-सेवा और प्रकृति के सम्मान में हर घर गौशाला और हर गांव में गोवर्धन पूजा आज की जा रही है। हमारी सनातन संस्कृति हमें प्रकृति से सदैव जुड़े रहना सिखाती है। गौमाता अपने बछड़े के साथ हम सभी का भी ध्यान रखती है। भगवान श्रीकृष्ण गोपाल कृष्ण के नाम से भी जाने जाते हैं। वर्तमान में शासन और आमजन साथ मिलकर सभी त्यौहार आनंद और हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। हमारा देश किसानों और गौ-पालकों का देश है। आज गौ-शालाओं में प्रत्येक पशु पर प्रत्येक दिन के हिसाब से 40 की राशि प्राप्त हो रही है इनको और आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए आप सभी लोग प्रयास करें और विस्तृत कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने सरगम स्व सहायता समूह की महिला पदाधिकारी से गौशाला संचालन के संबंध में सभी जानकारी प्राप्त की एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



### हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में मेलों और उत्सवों का अपना विशेष महत्व हैः सांसद


**सागर।** 22 अक्टूबर दिन बुधवार को सागर के हफसिली में स्थित डेयरी विस्थापन परियोजना स्थल के पशुमेला क्षेत्र में पशुपालक संघ और नगर पालिक निगम सागर के सयुक्त तत्वाधान में ऐतिहासिक मेला सम्पन्न हुआ। गोबर से बने 101 फ़ीट लम्बे और 11 फ़ीट ऊँचे विशाल गिरराज गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी ऊँगली पर धारण किये भगवान श्रीकृष्ण के 30 फ़ीट के स्वरूप और गौओं की हर्षोल्लास से सभी ने पूजन किया। गिरराज गोवर्धन भगवान श्री कृष्ण को 56 भोग अर्पित किये गये और विशेष अन्नकूट पूजन कर प्रसादी वितरित की गई। जनप्रतिनिधियों ने भगवान श्रीकृष्ण गोवर्धन पर्वत और गौओं की पूजा अर्चना की। स्थानीय नागरिकों ने भी श्रद्धाभाव से भगवान के श्री चरणों में अपना प्रेम आस्था के पुष्प नारियल प्रसादी आदि अर्पित कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में पूजन के दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ निगमायुक्त ने विशेष सुंदरता के साथ सजीधजी गाय और बछ्ड़े बछ्ड़यिों को माला पहनाकर गुड़ चना चारा आदि खिलाया। स्थानीय गौ पालकों ने उत्साह के साथ दिवारी गाकर बरेदी नृत्य किया, लोक कलाकारों द्वारा आकर्षक मयूर रास नृत्य, बधाई के माध्यम से सभी को मोहित किया गया सभी ने तालिया बजाकर सम्मान के साथ प्रसन्नता व्यक्त की। आकर्षक आतिशबाजी की गई। सांसद लता गुड्डु बानखेड़े ने पूजन कर इस सांस्कृतिक आयोजन सराहना कर कहा की हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में मेलों और उत्सवों का अपना विशेष महत्व है। हफसिली में इस दिवाली के अवसर पर गोवर्धन पूजन का यह विशेष आयोजन यहां के रहवासियों सहित सभी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रयासों से भारत आज सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन का केंद्र बन रहा है ऐसे समय में हफसिली में नवाचार कर प्रथम बार आयोजित यह सफल मेला कार्यक्रम आगामी समय में दूर दूर से लोगों को यहां आने के लिए आकर्षित करेगा। विधायक शैलेन्द्र जैन ने हफसिली की अद्भुत छटा के बीच निर्मित गोवर्धन पर्वत श्रीकृष्ण और गौओं आदि का स्वरूप देखकर अथक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा की आज का यह खास दिन भगवान श्री कृष्ण की कृपा और आशीर्वाद का मुख्य त्यौहार है अतिवर्षा से अपने प्रिय बृजवासियों की रक्षा हेतु श्रीकृष्ण ने गिरराज जी को अपनी ऊँगली पर धारण कर गोबर का महत्व बताया। यह प्रकृति और जीवन का एक अभिन्न अंग है, जिसे हमें सम्मान देना चाहिए। गोबर को 'गो-धन' का प्रतीक माना जाता है और यह पर्यावरण के लिए भी बहुत उपयोगी है। इस घटना के बाद से लोग गोवर्धन पूजा के दिन गोबर से पर्वत बनाते हैं ताकि यह संदेश दिया जा सके कि पर्यावरण के हर छोटे से छोटे हिस्से का सम्मान करना चाहिए। निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने गोवर्धन पूजन कर कहा की आज का यह आयोजन हफसिली सहित सागर में नया इतिहास रचकर एक सांस्कृतिक परम्परा का निर्माण करेगा।

## चाहना, भावना से नहीं पुरुषार्थ करने से पूर्ण होती हैः मुनिश्री अभय सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

दीपावली उत्सव असंयम से संयम की ओर बढ़ाने के लिए आता है आज ही के दिन भगवान महावीर स्वामी ने संसार त्याग कर संयम मार्ग पर चलते हुए अपनी अनंत यात्रा को विराम देकर सिद्धालय में अवस्थित होकर तीर्थंकर पद का सौभाग्य पाया था। हम सब संसार की अनंत यात्रा में मोह ममता के वसीभूत जान ही नहीं पाते। त्याग मार्ग को पहचान नहीं पाते कभी कभी पढाव आते हैं पर अवसर चूक जाते हैं।

श्रेष्ठ निर्यापक मुनिश्री अभय सागर जी ने बताया कि सब चाहते हैं संसार में सुख और मुक्ति लेकिन चाहने मात्र से नहीं इसको परम पुरुषार्थ करने की जरूरत होती है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें भाव कर्म, द्रव्य कर्म, और गुण कर्म को सुधारने से सिद्धालय का मार्ग खुलता है इस तरह जीवन को संयत करने का सतत प्रयास मुक्तिपथ का पथिक बनाती है। दूसरों के दुख में दुखी होकर रोना धर्म है पर अपने स्वार्थ के लिये रोना आर्त रोद्र परिणाम है जो कर्म बांधते हैं।



भगवान का मंदिर बनाने छोटे छोटे पाठशाला के बच्चों द्वारा अपनी गुल्लक दान करने पर मुनिश्री ने कहा कि यह भयावह अंधकार को मिटाने के लिये एक छोटा दीप जलाकर रखने के समान है और समाज के श्रेष्ठियो को जगाने का प्रयास है धन जोडने से नहीं धर्म और परमार्थ में खर्च करने पर उपयोगी होता है।

मुनि श्री प्रभात सागर जी ने कहा कि अहिंसा के प्रवर्तक भगवान महावीर स्वामी के उपदेशों का पालन करने के लिए जरूरी है हम हिंसा पर प्रतिबंध लगाऐं यह दीपावली का पर्व है यदि आप पटाखा नहीं चलाएंगे तो जीवनदाई वायु प्रदूषण रखेगा और जीव हत्या बचेगी धुआँ से शोर से लोगों को होने वाली असुविधा से भी बचाव होगा। मुनि श्री चंद्र सागर जी ने कहा कि आज निर्माण दिवस है और हम भगवान महावीर स्वामी के समवशरण में बैठे हैं हमें यह तय करना चाहिए कि अपने जीवन में कभी किसी से भी छल कपट नहीं करेंगे। मुनि संघ के सानिध्य में अतिशय क्षेत्र पटनागंज में भगवान महावीर स्वामी का महामस्तक अभिषेक एवं विश्व शांति की भावना से शांति धारा वा भगवान के निर्माण दिवस पर निर्माण लाडू चढ़ाया गया। देशना मिलती रहे की भावना से मुनि संघ को शास्त्र भेंट किये गये। इसके पश्चात सुसज्ति द्रव्य से आचार्यश्री विद्यासागर जी आचार्य श्री समय सागर जी एवं प्रत्यक्ष विराजित मुनियों का पूजन किया गया।

इस अवसर पर लाडू सजाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें 24 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक लाडू निर्माण किये। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्मचारी रजनीश भैया एवं आभार सुरेन्द्र आजाद ने व्यक्त किया। भगवान महावीर के मोक्ष उपरांत संध्याकाल गौतम गणधर स्वामी को केवलग्यान प्राप्त होने पर घर घर ज्ञानदीप जलाकर प्रकाश किया गया एवं धर्म ध्वजा फहराई गयी।

### दीपावली पर्व पर महापौर ने नगर निगम कार्यालय में पूजा-अर्चना की

**सागर।** दीपावली पर्व पर नगर निगम कार्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महापौर संगीता सुशील तिवारी ने निगम अध्यक्ष श्री वृन्दावन अहिरवार एवं निगमायुक्त श्री राजकुमार खत्री की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर सागर शहर के विकास और प्रगति के लिए मां लक्ष्मी से प्रार्थना की। इस अवसर पर महापौर ने सभी नगरवासियों एवं नगर विकास के कार्य में लगे नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी।



मेला, तीज त्योहार हमारी सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाते हैं

# गोवर्धन मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग हैः गोविंद सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

लंका के मैदान में अंगद रोके जांग रे, जांग हलाई ने हले,धरती हल हल जाए रे,, परंपरागत बुंदेली दिवारी गीत गाकर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत मोनियो के साथ जैसीनगर के गोवर्धन मेला में जमकर झूमे। जैसीनगर में आयोजित गोवर्धन मेला में पहुंचे खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत क्षेत्रवासियों ने बुंदेली परंपरा अनुसार मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का स्वागत किया। मंत्री राजपूत ने मोनियो के साथ गोवर्धन भगवान की पूजा कर मेला में परंपरागत दिवाली गीत गाई और मोनियों तथा क्षेत्रवासियों के साथ जमकर झूमे । इस अवसर पर मंत्री राजपूत ने कहा कि मैं लगभग 30 वर्षों से जैसीनगर के गोवर्धन मेला में शामिल हो रहा हूं। जैसीनगर के भगवान गोवर्धन के दर्शन करने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी आए थे।



मेला हमारी संस्कृतिक विरासत को दर्शाता है कि हम कितने संपन्न धर्म और समाज से आते हैं । हमारे तीज त्यौहार परंपराएं हमारी बहुमूल्य विरासत है हमें अपने सभी त्योहारों को धूमधाम से मनाना चाहिए हमारा देश त्योहारों का देश है रक्षाबंधन, दिवाली, होली, रंग पंचमी धनतेरस जैसे त्योहार वर्ष भर चलते हैं । जिन्हें हम सबको संजो कर रखना है। ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास को जान सके और हमारी इन परंपराओं को आगे बढ़ा सके। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश सरकार हमारे इन परंपराओं को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार काम कर रही है आजकल जगह जगह ऐसे संस्कृटिक मेलों का आयोजन किया जाता है। जिस से हमारी संस्कृति का प्रचार प्रसार हो सके एवं उन्हें प्रोत्साहन मिले। बुधवार को इस मेले का आयोजन सरकारी तौर पर किया जा रहा है जिसमें हम सभी शामिल होंगे।

मंत्री राजपूत ने पूरे मेले का भ्रमण किया एवं क्षेत्र वासियों तथा स्थानीय दुकानदारों से खरीदी कर उनसे सीधा संवाद करते हुए सभी क्षेत्र वासियो को दीपावली की शुभकामनाएं दी।मंत्री राजपूत ने कहा कि मेला एक ऐसा आयोजन है जिसमें आपके क्षेत्र का नाम दूर-दूर तक पहुंचता है हमारे स्थानीय व्यापारियों तथा हस्तशिल्पियों के लिए यह एक बड़ा मंच होता है इसके द्वारा स्थानीय लोगों को व्यापारियों को लाभ मिलता है हमारा प्रयास है कि और अधिक बड़े स्तर पर हम इस मेले का आयोजन करेंगे।



### 187 रोगियों का निशुल्क आयुर्वेद व योग प्रशिक्षण और परामर्श संपन्न

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में एवं भगवान धन्वंतरि जयंती स्मरण के साथ 146 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक संपन्न। आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं श्वास 42 व हड्डी रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा 40, यूरिक एसिड 15, बॉडी मांस 28 द्वारा मांस पेशियों की जांच एवं बी एम डी 62 मशीन से हड्डी की जांच तथा योग प्रशिक्षण दिया गया। यह शिविर शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। जिसमें मकरोनिया रजाखेड़ी पथरिया जाट तिली जसलाज, चना टोरिया नयाखेड़ा कैंट आर्मी सेंटर एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए । इस शिविर में वीरेंद्र गोस्वामी, यशवंत कुमार, अर्पित देसाई, सत्येश शुक्ला, नीलेश जैन, अंकित मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र दुबे, आयकर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संतोष दुबे उपस्थित रहे ।



### नगर पालिका अध्यक्ष संगीता मनोज तिवारी ने नगर पालिका में पूजन किया

**गढ़ाकोटा।** सोमवार को दीपावली पर्व मनाया गया । घरों में भगवान गणेश एवं मां लक्ष्मी की पूजा विधि विधान से की। पड़ोस में प्रसाद वितरण किया। नगर पालिका अध्यक्ष संगीत मनोज तिवारी एवं पार्षदो नगर पालिका में पूजन किया।रंग-बिरंगी रोशनी, विद्युत साज-सज्जा से घरों को रोशन करके घरों के बाहर रंगोली सजाई, पटाखे चलाएं। देर रात तक आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। दीपावली के दिन मेन बाजार, टॉकीज चौराहा से बस स्टैंड तक लोगों की जमकर भीड़ रही। जहां लोगों ने मुहूर्त अनुसार खरीदारी की। परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साह के साथ दीपावली पर्व मनाया। दीपावली पर पूरा नगर जगमगा उठा। घरों के बाहर लोगों ने फुलझड़ी पटाखे चलाएं। नगर पालिका अध्यक्ष संगीता मनोज तिवारी एवं पार्षदो ने नगर पालिका में पूजन किया।



**रहली।** दयोदय गौशाला रहली में बड़े हर्षोल्लास के साथ गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता अभिषेक भार्गव ने विधिवत रूप से गोवर्धन पूजा कर गौमाता की आराधना की।इस अवसर पर गौशाला समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

### तकनीकी प्रयोग और साइबर जागरूकता विषय पर हुआ राष्ट्रीय वेबीनार

**गढाकोटा।** सागर जिले के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार गुणवत्ता संवर्धन प्रकोष्ठ द्वारा तकनीकी प्रयोग और साइबर जागरूकता विषय पर आयोजित की गई। जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. रूपा कैथ सहा. प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय सोलन, हिमाचल प्रदेश एवं डॉ. रैना चंपावत सहायक प्राध्यापक एसएनडीटी यूनिवर्सिटी सेबी स्मार्ट और सीएसआर हेड ऑफ़ आर एसटीआईएल, मुंबई, महाराष्ट्र थी। वेबीनार के मुख्य संरक्षक डॉ. नीरज दुबे अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग सागर संभाग सागर,संरक्षक/प्राचार्य डॉ. ए.के. सिन्हा,मुख्य अतिथि के रूप में शमिक कुमार शर्मा अध्यक्ष, जन भागीदारी समिति रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वेबीनार संयोजक सुश्री आकृति खरे ने सरस्वती वंदना के साथ किया। वेबीनार की सह-संयोजक डॉ. किशोरी सोनी ने वेबीनार के उद्देश्य तथा उपयोगिता को बताया। विषय विशेषज्ञ डॉ. रूपा कैथ ने बताया कि आज की तकनीकी युग में साइबर सुरक्षा केवल एक विषय नहीं बल्कि हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है उन्होंने बताया कि किस तरह साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं के बीच हमें अपनी डिजिटल आदतों को सुरक्षित बनाना आवश्यक है, उन्होंने पासवर्ड मैनेजमेंट,डाटा प्रोटक्शन फिशिंग ईमेल्स की पहचान, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव तथा सोशल मीडिया पर जिम्मेदार व्यवहार जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया। मुंबई से विषय विशेषज्ञ डॉक्टर रैना चंपावत ने बताया कि आज के डिजिटल युग में वित्तीय साक्षरता हर व्यक्ति के जीवन का अनिवार्य अंग बन गई है उन्होंने निवेश, ऑनलाइन लेनदेन और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा से जुड़े कई व्यावहारिक उपाय साझा किए,विशेष रूप से उन्होंने कॉमन टाइप्स ऑफ़ फाइनेंशियल फ्रॉड जैसे फिशिंग कॉल्स,ओटीपी शेयरिंग फ्रॉड,यूपीआई स्कैम्स, केवाईसी अपडेट के नाम पर धोखाधड़ी,फेक इन्वेस्टमेंट स्कीम आदि के उदाहरण देकर यह बताया कि थोड़ी सी लापरवाही भी हमारे वित्तीय जीवन को असुरक्षित बना सकती है। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस मकरोनिया सागर से डॉ.सुनील विश्वकर्मा ने भी साइबर जागरूकता पर अपने विचार साझा किया तथा कविता के माध्यम से तकनीकी प्रयोग एवं साइबर सुरक्षा का संदेश दिया । कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय वेबीनार की संयोजक आकृति खरे ने किया ,आभार आयोजन सचिव शिम्पी मौर्य ने माना। वेबीनार में समस्त प्रतिभागियों,महाविद्यालय शैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने सहयोगिता कर वेबीनार को सफल बनाने में योगदान दिया।

### पर्व भक्ति और उत्साह के माहौल में मनाया गया

# धूमधाम से की गई गोवर्धन की पूजा श्रद्धालुओं ने अर्पित किए छप्पन भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



दीपावली के दूसरे दिन जिले भर में बुधवार को गोवर्धन पूजा का पर्व भक्ति और उत्साह के माहौल में मनाया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रतीक स्वरूप गोवर्धन पर्वत की पूजा कर अन्नकूट का भोग लगाया। मंदिरों और घरों में पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। वहीं श्री कृष्णा बलराम दूध डेयरी परिवार द्वारा भगवान गोवर्धन पर्वत एवं भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की गई। महिलाओं ने पारंपरिक रीति से गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत का निर्माण कर भगवान कृष्ण, बलराम और गोवर्धन महाराज की पूजा-अर्चना की। गांवों में लोगों ने गोवर्धन की परिक्रमा करते हुए सुख-समृद्धि और वर्षा की कामना की। शहर के प्रमुख मंदिरों में भजन-कीर्तन के साथ विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक पर्व में भाग लिया।

गोवर्धन पूजा के साथ ही अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें विविध प्रकार के व्यंजन बनाकर भगवान को अर्पित किए गए। श्रद्धालुओं ने इसे सामूहिक एकता और भक्ति का पर्व बताया। इस दौरान माते राजू ग्वाला, दीवान भज्जू ग्वाला,श्री कृष्णा बलराम दूध डेयरी परिवार, राजू ग्वाला, संग्राम ग्वाला, कप्तान ग्वाला, संतोष ग्वाला, प्रेमनारायण ग्वाला, शानू ग्वाला, लालचंद ग्वाला , महेंद्र ग्वाला, विक्रम ग्वाला, कनई ग्वाला, अमर ग्वाला, जितेन्द्र ग्वाला, संजय ग्वाला पूर्व पार्षद, पवन ग्वाला, बनवारी ग्वाला, पंकज ग्वाला, शंकर बाबू ग्वाला, संतोष पंडा, प्रवीण ग्वाला, आशीष ग्वाला, बलराज ग्वाला, अनुराग ग्वाला, रूद्रप्रताप ग्वाला, रितिक ग्वाला, योगेश ग्वाला, निखिल ग्वाला, प्रिंस ग्वाला, अजय ग्वाला, सौरभ ग्वाला, छोटू ग्वाला, गोपाल ग्वाला, निशांत, अनिकेत ग्वाला, हर्ष ग्वाला, मनीष ग्वाला, राजकुमार ग्वाला, अमित ग्वाला, आशीष ग्वाला, लकी ग्वाला, आदर्श ग्वाला, रामसिंह पहलवान, फुल्ला पहलवान, नारायण पहलवान, वंशी ग्वाला, भोले ग्वाला, डालचंद ग्वाला, आनंद ग्वाला, बल्लू उस्ताद, आदित्य, निखिल समाजवादी, महेंद्र बाबू जी, दीपू ग्वाला, मूलचंद ग्वाला, कान्हा ग्वाला, अरुण ग्वाला, छोटू ग्वाला, भुवनेश ग्वाला, शिवम ग्वाला बिल्ला, कल्ला ग्वाला, संतोष ग्वाला, झबबू ग्वाला, देवेंद्र ग्वाला, दीपक ग्वाला, अरविंद ग्वाला, राहुल ग्वाला, संजू, संजू महाकाल जिम, कृष्णा ग्वाला, अमित ग्वाला, अर्जुन ग्वाला, राहुल ग्वाला, अंकित ग्वाला, कल्लू ग्वाला सहित अनेक मोहल्ले वासियों ने गोवर्धन पर्वत के परिक्रमा लगाकर पूजा अर्चना की।

### जैन समाज ने मनाया दीपोत्सव

# भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव पर चढ़ाया गया निर्वाण लाडू



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भगवान महावीर स्वामी के 2552 वॉ निर्वाण महोत्सव जैन समाज ने वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भयसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में प्रभावना पूर्वक मनाया। प्रातःकाल जैन मंदिरों में प्रभु अभिषेक शान्तिधारा के उपरान्त निर्वाण लाडू चढाया सायंकाल पूजन अर्चन के उपरान्त अपने घरों में दीपोत्सव मनाया। इस मौके पर आचार्य श्री निर्भयसागर महाराज ने आज के दिन को उत्सब का पर्व बताते हुए कहा जैन धर्म भगवान महावीर को आज कैवल्य ज्ञान के उपरान्त मोक्ष कल्याणक हुआ, हमें भी अपने जीवन के कल्याणक के लिए प्रयास करते रहना है। उन्होंने जीवन को धर्म से जोडने के सूत्र बताए और श्रावकों को सीख दी। नगर के पार्श्वनाथ जैन अटामंदिर में पुन्यार्जक परिवारों ने आचार्य श्री के मुखारविन्द से शान्तिधारा की और श्रेष्ठीजनों ने निर्वाण लाडू भक्ति पूर्वक चढ़ाए। धर्मसभा में नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष सोनाली जैन के अतिरिक्त वाइस चान्सलर आत्मीय यूनिवर्सिटी राजकोट अजय कुमार जैन, इन्चार्ज वाइस चांसलर आईटहीएम बडौदरा विमल कुमार जैन, सिविल जज दमोह उत्कर्ष दिवाकर एवं पलक दिवाकर, हाईकोर्ट अधिवक्ता इन्दौर शुभम जैन ने आचार्य श्री को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद ग्रहण किया जिन्हें दिगम्बर जैन पंचायत समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जैन पंचायत अध्यक्ष डा० अक्षय टडया, शीलचंद अनौरा,अखिलेश गदयाना, सनत जैन खजुरिया, राजेन्द जैन थनवारा, अनिल जैन अंचल, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, मनोज जैन पत्रकार, सतीश नजा, अजय जेन गंगचारी, मनोज जैन बबीना, अशोक दैलवारा, मोदी पंकज जैन पूर्व पार्षद, आनंद जैन भावनगर, सजल जैन जौली, अमित सराफ, अनीता मोदी, डा० नीलम सराफ, वीणा जैन, अंजली सराफ, सिलोचना जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। भगवान महावीर निर्वाण महोत्सब पर नगर के जैन मंदिरों के अतिरिक्त देवोदय तीर्थ देवगढ़, सतोदय तीर्थ सेरोन, शान्तोदय तीर्थ चाँदपुर, पार्श्वनाथ अतिशय क्षेत्र बालाबेहट में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन कर निर्वाण लाडू चढ़ाया।

### दो पर एफआईआर दर्ज

# पति से मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर।

कोतवाली महरौनी क्षेत्रांतर्गत ग्राम पठा विजयपुरा में रहने वाली गेंदाबाई पत्नी बारेलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 19 अक्टूबर को रात करीब 8 बजे गांव के ललित कुमार उर्फ लल्लू रजक पुत्र राजधर गालियां देते हुये घर में घुसकर उसके पति बारेलाल के साथ मारपीट करने लगा। शोरगुल होने पर वह पति को बचाने पहुंची तो ललित ने उसे धक्का दे मारा, जिससे उसके कपड़े अस्त-व्यस्त हो गये। चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर आ पहुंचे। आरोप है कि उक्त लोगों ने हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी देते हुये जान से मारने की धमकी दी। यह भी आरोप है कि ललित कुमार के साथ मौजूद भरत पुत्र हरदास ने भी धमकाते हुये जान से मारने की बात कही। महिला की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जाखलौन पुलिस ने तीन जुआरी पकड़े

**ललितपुर।** थाना जाखलौन में तैनात उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि वह हमराह कां. विकास कुमार व कां.विकास सिंह के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। ललितपुर रोड पेट्रोल पम्प के पास गश्त करते समय उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग वन विभाग की चौकी के पीछे झाडियों में ताश के पत्तों पर हारजीत की बाजी लगा रहे हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर यकीन करते हुये दविश दी।

मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने तीन जुआरियों को धर दबोचा। पकड़े गये जुआरियों के नाम जाखलौन के बड़ापुरा निवासी पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र प्रतिपाल सिंह उर्फ अशोक सिंह, सत्यपाल सिंह पुत्र अमर सिंह व मनोहर सिंह उर्फ बब्बू राजा पुत्र स्व.चन्दन बताया गया। पकड़े गये जुआरियों की जामा तलाशी के दौरान 600 रुपये व माल फड़ से 1400 रुपये और 52 ताश की गड्डी बरामद की गयी। पुलिस ने पकड़े गये जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा करने की बात पर हुआ विवाद, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम बम्हौरीघाट निवासी भानसिंह पुत्र राजाराम ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 20 अक्टूबर को शाम करीब 6 बजे रास्ते में ट्रैक्टर खड़ा करने की बात को लेकर गांव के भानू पुत्र गोविन्द, कप्तान पुत्र मोहनलाल, वीरप्रताप उर्फ वीरु पुत्र कृपाल सिंह, बृजेश पुत्र इमरत, खिलान पुत्र मोहनलाल, रामेश्वर पुत्र हल्कू, जयराम पुत्र फूलसिंह ने एकराय होकर आये और उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाव करने पहुंची सोनाली, पूजा, राजाराम, विवेक, पुष्पेन्द्र, राजू, दयाराम, शिवा के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## डीजल उड़ेल कर महिला ने खुद को आग लगाई

**ललितपुर।** जिले में भाईदूज से एक दिन पहले मंगलवार देर शाम एक विवाहिता ने ससुरालियों द्वारा भाई को गाली देने से क्षुब्ध होकर खुद को आग लगा ली। घटना में महिला गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद ललितपुर मेडिकल कॉलेज से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना बानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरायो में हुई। 30 वर्षीय आरती राजा उर्फ मन्नू राजा पत्नी संजू राजा ने अपने घर के कमरे में खुद पर डीजल उड़ेलकर आग लगाई। उसकी चीख-पुकार सुनकर घर के बाहर बैठे परिजन मौके पर पहुंचे और आग बुझाई, लेकिन तब तक आरती गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। पीड़िता आरती राजा ने बताया कि उसके ससुराल वाले उसके भाई को लगातार गाली दे रहे थे और उसे अपनी बड़ी बहन के घर जाने से भी रोक रहे थे। इसी बात से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। परिजनों के अनुसार, आरती की शादी संजू के साथ चार साल पहले हुई थी और उनका एक पुत्र भी है। पीड़िता के मायके छतरपुर के लिधौरा निवासी भाई ने आरोप लगाया कि उसकी बहन को ससुरालियों द्वारा कई दिनों से परेशान किया जा रहा था। बानपुर पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है।

### स्टंटबाज बाइक चालकों पर पुलिस का सख्त एक्शन

# नशे में बाइक पर स्टंट करते चालकों को पुलिस ने धर दबोचा, एफआईआर दर्ज, शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

खतरनाक तरीके से मोटर साइकिल चलाते हुये स्टंटबाजी करने के खिलाफ अब पुलिस सख्त हो गयी है। महरौनी पुलिस ने मोटर साइकिल चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। उप निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि वह अपने हमराह कां.ओमवीर सिंह, कां.संदीप कुमार के साथ मिशन शक्ति के तहत स्टंटबाजों व नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ ग्राम कुम्हैड़ी में गश्त कर रहे थे। तभी शाम करीब 7.50 बजे सैदपुर शराब के ठेका के पास एच.एफ.डीलक्स हीरो नम्बर यू.पी.94 यू 4697 पर तीन सवारी बैठाकर महरौनी तरफ से तेजी व लापरवाही से स्टंट करते हुये बाइक चालक आ रहा था, जिससे राहगीरों को चोटिल होने की संभावनाएं प्रबल थीं। स्टंटबाज को रोकने के लिए पुलिस ने प्रयास किया तो बाइक सवार भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन आगे खड़े पुलिस कर्मियों की मदद से शराब ठेका से करीब 50 कदम आगे बाइक सवार को पकड़ा गया। पकड़े गये बाइक चालक ने अपना नाम सैदपुर निवासी जगदीश पुत्र नन्नूलाल बताया और पीछे बैठे हुये महेश उर्फ शन्टू पुत्र कप्तान व धर्मेंद्र पाल पुत्र भज्जू पाल बताये गये। जब पुलिस ने उक्त लोगों से पूछताछ की तो उक्त लोगों ने उक्त लोगों ने इसी प्रकार गाड़ी चलाने की बात कही। ई-चालान ऐप पर गाड़ी की जांच की तो पाया कि उक्त मोटर साइकिल सैदपुर निवासी भारती पत्नी करन अहिरवार के नाम पर पंजीकृत है। मौके पर चालक ड्राईविंग लाइसेंस नहीं दिखा सका, जबकि रजिस्ट्रेशन मौके पर था। पुलिस ने बाइक चालक जगदीश के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 व मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 3, 181, 184, 128 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पूराकलां थाना पुलिस ने भी पकड़ा स्टंटबाज

थाना पूराकलां में तैनात उ.नि.वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि वह सरकारी गाडी यू.पी.94 जी 0287 से कां.भगवानसिंह, कां.विष्णुप्रताप सिंह, कां.पंकज कुमार व म.कां.गोमती गौतम व चालक हे.कां.वीरेन्द्रकुमार सिंह के साथ गश्त पर किसान पेट्रोल पम्प के पास था। तभी खतरनाक तरीके से लापरवाही पूर्वक मोटर साइकिल चलाते हुये युवक को पकड़ा। शराब के नशे में धुत्त युवक ने अपना नाम ग्राम चौबारा निवासी सुनील नामदेव पुत्र किस्सू बताया और उसकी बाइक का नम्बर यू.पी.94 यू 5484 है। पुलिस ने सुनील नामदेव के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 व मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 185 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### तालबेहट पुलिस ने दबोचे स्टंटबाज

तालबेहट में तैनात उ.नि.बलराम शर्मा ने ने हमराह उ.नि.सरोत्तम सिंह, कां.राघवेन्द्र सिंह व कां. रूद्रप्रताप सिंह के साथ गश्त के दौरान पुराना पेट्रोल पम्प के पास मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.ई. 0813 एच.एफ.डीलक्स से स्टंट करते हुये ग्राम तरगुवां निवासी हरिशंकर पुत्र सुजान, मो.सा. नं. यू.पी.94 यू 9699 से ग्राम धमना निवासी रूपेन्द्र यादव पुत्र विनोद यादव, प्लेटिना मो.सा.नं. यू.पी.94 क्यू 6350 के चालक ग्राम खांदी के मजरा नारायनपुरा निवासी गजेन्द्र यादव पुत्र नाथूराम को शराब के नशे की हालत में धर दबोचा। पुलिस ने उक्त बाइक चालकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 व मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 185 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### एक और स्टंटबाज भी पकड़ा गया

महरौनी में तैनात उ.नि.निखिल मलिक ने इन्द्रा चौराहे पर थे, तभी चेतक मोबाइल प्रथम व द्वितीय से हे.कां.राघवेन्द्र सिंह व कां.सचिन सैलानी भी पहुंचे, जिसके बाद वहां से मोटर साइकिल लहराते हुये खतरनाक तरीके से बाइक चला रहे मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत ग्राम नीमखेरा निवासी राजाराम यादव पुत्र सरदार सिंह को धर दबोचा। वहीं उसकी मोटर साइकिल संख्या एम.पी.09 जेड.एच. 0617 भी बरामद कर ली। जांचोपरांत चालक शराब के नशे में भी पाया गया। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 व मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 185 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### दीपावली के दूसरे दिन मौन परमा को पुरुषों ने किया मौनिया नृत्य इसे सेहरा और दीपावली नृत्य भी कहते हैं

# ग्रामीण क्षेत्रों में मौनिया नृत्य में झलकी बुंदेलखंड की संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुंदेलखंड में अपने आपमें बहुत से लोकनृत्य और लोकसंगीतों को संजोए हुए है। इन्हीं में से एक है मौनिया नृत्य। यह नृत्य बुंदेलखंड के ग्रामीण इलाकों में दीपावली के दूसरे दिन मौन परमा को पुरुषों द्वारा किया जाता है। इसे मोनी परमा भी कहा जाता है। यह यहां की सबसे प्राचीन नृत्य शैली है। इसे सेहरा और दीपावली नृत्य भी कहते हैं। इसमें किशोरों द्वारा घेरा बनाकर मोर के पंखों को लेकर बड़े ही मोहक अंदाज में नृत्य किया जाता है। बुंदेलखंड के ग्रामीण अंचलों के लोगों के मौन होकर मौन परिमा के दिन इस नृत्य को करने से इस नृत्य का नाम मौनिया नृत्य रखा गया। साथ ही, मौन व्रत करने वालों को मौनी बाबा भी कहा जाता है। मौनिया टोली के प्रण के अनुसार 11 या 21 गांवों में घूमकर मौनिया नृत्य करते हैं। वे बताते हैं कि प्राचीन मान्यता के अनुसार जब श्रीकृष्ण यमुना नदी के किनारे बैठे हुए थे तब उनकी सारी गायें कहीं चली गईं। अपनी गायों को न पाकर भगवान श्रीकृष्ण दुःखी होकर मौन हो गए। इसके बाद भगवान कृष्ण के सभी ग्वाल दोस्त परेशान होने लगे। जब ग्वालों ने सभी गायों को तलाश लिया और उन्हें लेकर लाये, तब कहीं जाकर कृष्ण ने अपना मौन तोड़ा। इसी आधार पर इस परम्परा की शुरुआत हुई।



## श्रीकृष्ण के भक्त गांव-गांव से मौन व्रत रखकर नृत्य को करते हैं

मान्यता के अनुरूप श्रीकृष्ण के भक्त गांव-गांव से मौन व्रत रखकर दीपावली के एक दिन बाद मौन परमा के दिन इस नृत्य को करते हुए 12 गांवों की परिक्रमा लगाते हैं और मंदिर-मंदिर जाकर भगवान श्रीकृष्णा के दर्शन करते हैं। मौनिया नृत्य को संकल्प के अनुसार 11 से 21 गांवों में मौन व्रत रखकर घूम-घूमकर नृत्य करना पड़ता है। यह मौन व्रत शाम को मंदिर के दर्शन करने के बाद जयकारा लगाकर तोड़ा जाता है। वे आगे बताते हैं, मौनिया नृत्य की गायन मंडली मौन धारण नहीं करती बाकी सभी मौन धारण करते हैं।

## बुंदेलखंड की परंपरा के तहत किया जाता है इस नृत्य का आयोजन

मौनिया नृत्य की टोली में 11, 21 व 31 ग्रामीण या इससे अधिक लोग भी सम्मिलित होते हैं। नृत्य में मोर के पंख, एक रंग की भेषभूषा, हाथों में डंडा रखा जाता है। नृतकों की टोली में एक जोकर, नृत्यांगना पुरुष बनते है, दलदल घोड़ी, कृष्ण की भेषभूषा पहने युवक आदि सम्मिलित होते हैं। इस नृत्य में बुंदेली यंत्र नगडिय़ा, ढोलक, मजीरा, झेला, हरमोनिया आदि लिए नजर आते हैं। गायक छंद गीत में स्वर छेड़ता है और वादक उसी धुन में वाद यंत्र का प्रयोग करता है।

धान के नुकसान की राजस्व अमले की प्रारंभिक रिपोर्ट में सामने आया 5 से 10 प्रतिशत नुकसान

# धान में हुए नुकसान का किसानों को मुश्किल ही मिलेगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में अचानक तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से आडी गिरी धान की फसल में नुकसान तो पहुंचा है, लेकिन इस नुकसान का किसानों को मुआवजा मिलना मुश्किल लग रहा है। क्योंकि धान में हुए नुकसान का कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर राजस्व विभाग के मैदानी अमले ने जो प्रारंभिक सर्वे रिपोर्ट तैयार की है,उस रिपोर्ट में धान की फसल में नुकसान 5 से 10 प्रतिशत तक ही सामने आया है और इतने प्रतिशत नुकसान पर शासन की ओर का फसल नुकसान का मुआवजा दिए जाने का प्रावधान ही नहीं है।

हालांकि अभी राजस्व अमला क्रॉप कटिंग के लिए जरिए भी फसल नुकसान का फिर से आंकलन कर रहा है और इसके बाद भी नुकसान की फायनल रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेगा। यहां बताना होगा कि अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश भी हुई थी। जिसकारण श्योपुर और बडौदा तहसील क्षेत्र में खेतों में खडी धान की फसल आडी गिरने से उसमें नुकसान पहुंचा था। इस दौरान क्षेत्र के किसानों ने 50 फीसदी से अधिक नुकसान बताते हुए मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई थी। वहीं किसान संगठनों के द्वारा भी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपे गए थे, जिसमें धान की फसल 50 फीसदी से अधिक नुकसान बताते हुए किसानों के मुआवजा दिए जाने की मांग जोरदारी से उठाई थी। किसानों की इस मांग पर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने राजस्व अधिकारियों को धान की फसल में हुए नुकसान का आंकलन करने के निर्देश देते हुए राजस्व टीमों का गठन भी कर दिया गया। जिसके बाद तहसीलवार धान की फसल में हुए नुकसान का आंकलन करने में राजस्व विभाग का मैदानी अमला जुट गया और राजस्व विभाग ने धान की फसल में हुए नुकसान की प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार कर ली है। बता दें कि इस साल जिले में धान की बोवनी 1 लाख 4 हजार हेक्टेयर में की गई है।



### मुआवजा नहीं तो फसल बीमा का लाभ भी नहीं

राजस्व विभाग के सूत्रों की माने तो फसल में हुए नुकसान का शासन की ओर से मुआवजा तक मिलता है,जब फसल में 25 फीसदी तक नुकसान पहुंचा हो, लेकिन राजस्व विभाग की प्रारंभिक रिपोर्ट में धान की फसल के नुकसान आंकलन की प्रारंभिक रिपोर्ट में 5 से 10 प्रतिशत नुकसान की बात सामने आई है। इसलिए धान की फसल में हुए नुकसान का न तो मुआवजा मिल सकेगा और न ही फसल बीमा योजना का लाभ मिलने की पात्रता होगी।

### श्योपुर तहसील क्षेत्र में हुई थी सबसे अधिक बारिश

बता दे कि गत 5 अक्टूबर रविवार की रात को शहर समेत जिलेभर में 11.80 एमएम औसत बारिश हुई थी। उस दौरान जिले में सबसे अधिक बारिश श्योपुर तहसील क्षेत्र मे 31 एमएम हुई थी। जबकि बडौदा तहसील में 14 एमएम, कराहल तहसील में 09 एमएम तथा वीरपुर तहसील में 05 एमएम बारिश हुई है। जबकि विजयपुर तहसील में कोई बारिश नहीं हुई है।

### इनका कहना है...

धान की फसल में हुए नुकसान की प्रारंभिक जानकारी आ गई है। जिसमें 5 से 10 प्रतिशत धान की फसल को नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है। फिलहाल क्रॉप कटिंग के जरिए भी नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। कॉप कटिंग के बाद नुकसान की फायनल रिपोर्ट बनकार उसे कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

**जंडेल सिंह तोमर**
**प्रभारी एसएलआर,श्योपुर**

शहर के रेगर मोहल्ले की घटना, क्रॉस एफआईआर दर्ज

# ओए बाइक देखकर चला कहने पर चले लात घूसे,महिला समेत 5 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ओए बाइक देखकर चला,तेरी बाइक मेरे भाई के टच हो गई है। यह बात कहने पर बीती रात को शहर के रेगर मोहल्ले में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया और विवाद में जमकर लातघूसे चल गए। विवाद के दौरान दोनो तरफ से पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने मारपीट की धाराओं में क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि बीती रात को रेगर मोहल्ले से इसी मोहल्ले में रहने वाला सूरज रेगर बाइक लेकर गुजर रहा था,यह बाइक एक लडके के टच हो गई थी। जिसका उलाहना देने पर यह विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ गया कि दोनो पक्ष के लोगों ने एक दूसरे की लातघूसों से



मारपीट कर दी। इस विवाद में एक तरफ से आयुष रेगर घायल हो गया।

वहीं दूसरी तरफ से महिला लक्ष्मी रेगर समेत उसकी बेटी वंदना रेगर, पति पूरन और बेटा सूरज रेगर घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने लक्ष्मी रेगर पत्नी पूरन रेगर की रिपोर्ट पर आयुष रेगर, रिंकू रेगर,राहुल रेगर के खिलाफ तथा आयुष रेगर पुत्र सुरेश रेगर की रिपोर्ट पर सूरज रेगर, पूरन रेगर, लल्लू रेगर, भैरूलाल रेगर के खिलाफ मारपीट की धाराओ में क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

### इधर नाली की बात पर झगड़ा,तीन जख्मी

शहर के कुम्हार मोहल्ले में बीती शाम को नाली की बात को लेकर विवाद हो गया। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि इस विवाद में एक तरफ से सत्यनारायण प्रजापति और उसकी पत्नी गायत्री प्रजापति जख्मी हो गई। वहीं दूसरी तरफ से लाखन प्रजापति घायल हो गया। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने लाखन पुत्र बद्रीलाल प्रजापति निवासी रायपुरा की रिपोर्ट पर पंकज, पवन, सत्यनारायण तथा सत्यनारायण पुत्र रामहेत प्रजापति निवासी कुम्हार मोहल्ला की रिपोर्ट पर लाखन प्रजापति और बबलू प्रजापति के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर बोले सीएम हेल्पलाइन में टॉप-5 का लक्ष्य लेकर चलें

# कलेक्टर के निर्देश, आदिवासी बहुल ग्रामों में लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सभी आयुष औषधालयों के चिकित्सक अपने-अपने क्षेत्र में सहरिया बाहुल्य बस्तियों एवं ग्रामों में नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच परीक्षण शिविर लगाये तथा आवश्यकतानुसार उपचार प्रदान करें। इसके साथ ही जरूरत होने पर नजदीकी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए उपचार हेतु रैफर किया जायें। यह निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान आयुष विभाग के अधिकारियों को दिए।

इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि इस माह सभी के प्रयासों से सीएम हेल्पलाइन में जिले को प्रदेश में छटवी रैंक प्राप्त हुई है। अगले माह टॉप-5 के लक्ष्य के साथ शिकायतों का सकारात्मक एवं संतोषजनक निराकरण




सुनिश्चित किया जायें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने पीएचई ईई एलपी सिंह को निर्देश दिये कि सभी नलजल योजनाओं का भौतिक सत्यापन कराया जायें तथा संचालित योजनाओं के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत की जायें। उन्होने सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार को निर्देश दिये कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ईसीजी की सुविधा का भौतिक सत्यापन कराते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की जायें, यदि ईसीजी की सुविधा बंद है तो कारण सहित उल्लेख किया जायें। इसके साथ ही उन्होने आरईएस विभाग के अधिकारियों को पीएम जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन मल्टीपरपज सेंटर के निर्माण कार्यो में गुणवत्ता बरतने के निर्देश दिये। साथ ही गुणवत्ताहीन कार्य करने वाली निर्माण एजेंसियों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

# चंबल नहर बनी सीप की जीवन दायिनी, खाली होने के बाद फिर ओवर फ्लो हुआ बंजारा डैम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

खरीफ फसल के रूप में खेतों में खड़ी धान की फसल को भले ही अब सिंचाई की जरूरत हो या नहीं लेकिन धान के लिए चंबल नहर में पानी छोड़े जाने से सीप नदी जरूर धन्य धान्य हो गई है। आवदा डैम से पानी की आवक कम होने का असर तो सीप पर पड़ना शुरू हो गया था लेकिन यह असर प्रभावी होता इससे पहले ही चंबल नहर का पानी वेस्ट वियर के माध्यम से सीप नदी में आने लगा जिससे खाली हुई सीप नदी दोबारा भरने लगी और बंजारा डैम से मन मोहक अंदाज में ओवर फ्लो होकर बहने लगी है।

इस सीजन में चंबल नहर को दो बार समय से पूर्व खोला गया एक बार पहले खोला गया था जिससे 35 गांव नहर की टेस्टिंग होनी थी विशेष रूप से परमिशन लेकर कोटा बैराज से नहर खोले जाने के तत्काल बाद प्रेमसर ढोटी के पास से नहर फूट जाने से बंद करनी पड़ी। इसके बाद युद्ध स्तर पर नहर के मेंटेनेंस का काम शुरू हुआ और जब निर्माण पूरा हो गया तो किसानों की मांग पर फिर समय से पूर्व इसलिए खोला गया क्योंकि कुछ स्थान पर अभी धान की फसल खड़ी है जिनमें सिंचाई की आवश्यकता है हालांकि अधिकतर धान सूखकर काटने की हालत में पहुंच गया है हार्वेस्टर मशीन धान की कटाई कर रही है लेकिन कुछ स्थानों पर अभी भी धान में पानी दिया जा रहा है इस पानी की जरूरत धान को है या नहीं लेकिन चंबल नहर का पानी जरूर कई स्थानों से निस्तारण होकर सीप नदी में पहुंच रहा है। जिससे जो सीप नदी एक दो इंच खाली हो चुकी थी वह बंजारा डैम पर दोबारा से ओवरफ्लो होकर बह रही है जो शहर के लिए भी अच्छी है बात है याद हो कि शहर का भुजा बिस्तर सीप नदी के जल स्तर निर्भर रहता है। अगर सीप भरी रहे तो भूजल स्तर सामान्य रहता है और सीप खाली के खाली हो जाने पर भूजल स्तर भी नीचे गिर जाता है।



### अभी ओर बढ़ेगा सीप का जल स्तर

हालांकि नदियों का जल स्तर बारिश पर निर्भर रहता है और बारिश का सीजन समाप्त हो चुका है ऐसी स्थिति में सीप नदी का जलस्तर भी घटना चाहिए लेकिन फिलहाल जल स्तर घटने के बजाय बढ़ने वाला ही है। दरअसल अभी खरीफ फसल की सिंचाई हेतु अल्प समय के लिए चंबल नहर में पानी छोड़ा गया है, और अब रबी फसल की सिंचाई के लिए लंबे समय तक चंबल नहर में पानी छोड़ा जाएगा। संभवतः नवंबर माह के प्रथम या दूसरे सप्ताह मांग अनुसार नहर में पानी छोड़ा जाएगा। जो तीन या चार माह तक चलेगा ऐसी स्थिति में खेतों में सिंचाई के साथ जो पानी निस्तारण होकर सीप नदी में आएगा वह सीप का जलस्तर बढ़ाने का काम करेगा। आवदा डैम की नहर भी सीप नदी के जलस्तर को बढ़ाने का काम करेगी। कुल मिलाकर फिलहाल 4 महीने तक सीप नदी का बंजारा डैम के पास से मनोरम दृश्य देखने को ही मिलेगा और शहर का भूजल स्तर भी भजन बना रहेगा।

# ईवीएम गोदाम का बाहरी मासिक निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम गोदाम का बाहरी मासिक निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, निर्वाचन पर्यवेक्षक इमरान खान सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

### बंदियों को बहने करेंगी टीका, खुली मुलाकात 23 को

श्योपुर। दीपावली की भाईदूज के अवसर पर जिला जेल श्योपुर में बंदियों को तिलक लगाने आने वाली बहनों के लिए खुली मुलाकात का समय निर्धारित कर दिया गया है।अधीक्षक जिला जेल श्योपुर प्रभात कुमार ने बताया कि जेल में निरूद्ध बंदियों को दीपावली की भाईदूज 23 अक्टूबर के अवसर पर बहनो द्वारा टीका करने के लिए खुली मुलाकात का आयोजन सुबह 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक किया जायेगा। जेल नियमों के अनुसार मोबाइल, रूपये, पर्स तथा मादक पदार्थ आदि प्रतिबंधित रहेगे, अतः इस प्रकार की कोई भी सामग्री लेकर न आयें।

विजयपुर में अवैध रेत कारोबार पर प्रशासन व पुलिस की टीम ने की कार्रवाई

# अवैध रेत से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी, तीसरी टक्कर मारकर भागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर क्षेत्र में प्रशासन और पुलिस विभाग की टीम ने बुधवार को अवैध रेत से दो भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियों को पीछा करके पकड लिया,लेकिन अवैध रेत से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली सडक पर खडे वाहनों को टक्कर मारते हुए भाग निकली। जो काफी दूर तक पीछा करने के बाद भी हाथ नहीं आ सकी। पुलिस ने पकडे गए दोनों रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त कर थाने में रखवाते हुए एफआईआर दर्ज कर ली है। साथही भागे ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक पर भी एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

दरअसल बुधवार को एसडीएम अभिषेक मिश्रा और विजयपुर टीआई राकेश शर्मा के साथ प्रशासन व पुलिस की टीम अवैध रेत कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पहुंची थी। इस दौरान प्रशासन की टीम ने सुनवई रोड से गुजर रहे रेत से भरे तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों को पकडने के लिए उनका काफी दूर तक पीछा किया और फिर दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को पकड लिया। जिनके चालकों के नाम विनोद रावत और रामदीन रावत है। लेकिन सोनू यादव नाम का ट्रैक्टर चालक सडक पर गुजर रहे वाहनों को टक्कर मारते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली को भगा ले गया। विजयपुर टीआई राकेश शर्मा ने बताया कि रेत से भर दोनो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त करके उनके चालको पर मामला दर्ज कर लिया है। साथही जो ट्रैक्टर ट्रॉली टक्कर मारते हुए भागी है,उसके चालक को नामजद करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है।

इस बार पांच की जगह छह दिन तक छाया रहा दीपोत्सव का उल्लास

# जगमग दीपों के बीच हुआ माता लक्ष्मी का पूजन,जिलेभर में हर्षोल्लास से मनी दीपावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सुख, समृद्धि और दीपों का पर्व दीपावली शहर सहित जिलेभर धूमधाम से मनाया गया। धन की देवी माँ लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए घरों, प्रतिष्ठानों में उनका विधिवत पूजन हुआ। सूरज ढलते ही चारों ओर आकर्षक झालर टिमटिमाने लगीं। सड़क और घरों के ऊपर जल रहे दीपक और मोमबत्ती की आकर्षक छटा देखकर धरती पर स्वर्ग की अनुभूति हो रही थी। बच्चे और युवाओं ने दीपावली पर जमकर आतिशबाजी चलाई। इन सबके बीच ऑनलाइन खरीदी चलन बढने से दुकानदार मायूस दिखे। खास बात यह है कि इस बार दीपोत्सव पांच दिन की जगह छह दिन तक मनाया गया। यह स्थिति अमावस्या तिथि दो दिन आने की वजह से बनी। जिसके चलते जिलेभर दीपोत्सव का उल्लास 6 दिन तक छाया और जमकर आतिशबाजी चलाई गई।

दीपोत्सव की खुशियों का उल्लास लोगों के चेहरे पर देखते ही बन रहा था। दिन भर वे उत्साह से पर्व मनाने के लिए आतिशबाजी, खील, खिलौने, मिष्ठान, पूजा के कैलेंडर आदि सामान की बाजारों से खरीददारी करते नजर आये। जिससे बाजारों में गहमागहमी बनी रही। पर्व को लेकर बच्चों में उत्साह के अतिरेक की कोई सीमा नहीं थी। वे गली मुहल्लों में दिनभर आतिशबाजी के धूम धड़ाके करते नजर आये। शाम होते ही बच्चे, बूढ़े और जवान ही नहीं महिलाएं भी सजधज कर आकर्षक परिधानों में तैयार हुई और विघ्न विनाशक भगवान श्रीगणेश और धन सम्पदा की देवी माता लक्ष्मी को मनाने में जुट गए। घरों एवं प्रतिष्ठानों से आरती उतारने की स्वर लहरियां सुनाई देने लगीं। सभी माता लक्ष्मी को अपने घर, प्रतिष्ठानों में बुलाने को आतुर दिखायी दिए। उनके द्वारा मिष्ठान का भोग लगाकर माता लक्ष्मी को मनाया गया। उसके बाद आतिशबाजी चलाकर खुशियां मनाने का दौर शुरू हो गया। लोगों ने देर रात तक जमकर आतिशबाजी का प्रदर्शन किया। युवाओं की पसंद तेज आवाज वाले धमाके रहे। महिलाएं और युवतियां रोशनी अनार चलाकर खुशी मनाते नजर आये। बच्चों ने फुलझड़ी चलाकर दीपावली के उत्साह का आनन्द लिया। देर रात तक धूम-धड़ाके की आवाज वातावरण को गुंजायमान करती रही। आधुनिक आतिशबाजी से सतरंगी नजारे दीपावली की खुशियों में चार चांद लगा रहे थे। पर्व मनाने के लिए लोगों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों को भी आकर्षक ढंग से सजा रखा था। तरह तरह की रोशनियों से जगमगाते भवनों की भव्यता देखते ही बन रही थी।



### दो दिन हुआ लक्ष्मी पूजन

आम तौर पर दीपोत्सव का पर्व 5 दिनों तक मनाया जाता है,लेकिल इस बार दीपोत्सव का पर्व 6 दिन तक मनाया गया। दरअसल अमावस्या तिथि दो दिन तक रही थी। जिसकारण दिवाली का मुख्य पर्व दो दिन तक मनाया गया, जिसके चलते किसी जगह महालक्ष्मी पूजन 20 अक्टूबर तो किसी जगह 21 अक्टूबर को महालक्ष्मी का पूजन किया गया। बता दे कि पिछले साल भी ऐसा ही हुआ था, जब दिवाली दो दिनों तक मनाई गई हो।



### गोवर्धन पूजा के साथ शुरू हुआ अन्नकूट का सिलसिला,भाईदूज आज

दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा की गई और मंदिरों में भगवान को अन्नकूट का भोग लगाया गया, इसके साथही अन्नकूटों का सिलसिला शुरू हो गया है। ऐसे में अब कार्तिक पूर्णिमा तक अन्नकूटों के आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा। वहीं 23 अक्टूबर को भाईदूज का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन में बहन भाई के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना करेगी। वहीं भाई भी बहन को उपहार देते हुए उनकी जीवन सुरक्षा का भरोसा देगे।

# कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों के साथ ढेंगदा गोशाला पहुंचकर की गोवर्धन पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गोवर्धन पूजा का आयोजन बुधवार को जिले की विभिन्न गोशालाओं में किया गया। इसी क्रम में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ ढेंगदा स्थित संत आशाराम गोशाला में पहुंचकर गोवर्धन की पूजा के साथ गोवंश का विधिविधान पूर्वक पूजन किया और गौ माता को तिलक कर गुड एवं गोग्रास खिलाया। कार्यक्रम में सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी, विधायक श्योपुर बाबू जण्डेल, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया एवं रामलखन नापाखेडली, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ओम राठौर, गिर्राज चौधरी, सुजीत गर्ग, सत्यनारायण यादव एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य, तहसीलदार मनीषा मिश्रा, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, सहायक संचालक महिला बाल विकास रिशु सुमन, उप संचालक पशुपालन डॉ आरके त्यागी, अधीक्षक दिलीप बंसल भी मौजूद रहें। गोवर्धन एवं गो वंश पूजन के उपरांत कलेक्टर अर्पित वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा गोशाला का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम के अंत में गोशाला के स्थानीय संचालक गजानंद महाराज द्वारा सभी का साफा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। ढेंगदा गोशाला के साथही उपचा की गोशाला में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। जहां समाजसेवी लोगों के साथ ही जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने भी उत्साह के साथ भागीदारी की।



### गोपाल गोशाला में भी हुआ गोवर्धन और गोवंश पूजन

पाली रोड स्थित गोपाल गोशाला में भी गोवर्धन एवं गोवंश का पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाशनारायण गुप्ता एवं रामलखन नापाखेडली, एसडीएम गगन सिंह मीणा, सुजीत गर्ग,महावीर मीणा, उप संचालक पशुपालन डॉ आरके त्यागी आदि के द्वारा गोवर्धन एवं गोपूजन किया गया।

## समाचार संक्षेप

### सीआरपीएफ में चयनित एसआई अनुराग रघुवंशी को लोगों ने दी बधाईयां



**आरोन।** नगर के होनहार छात्र पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष अशोक सिंह रघुवंशी के पुत्र अनुराग रघुबंशी कें केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स में चयन होने पर शुभचिंतकों ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। अनुराग रघुवंशी जनपद आरोन के ग्राम माता मुडरा के रहने बाले साधारण परिबार से सम्बंध रखते हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा आरोन में रहकर की एवं ग्रेजुएशन करने बाद उन्होंने प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी की एवं अपनी लगन योग्यता से अपने पहले ही प्रयास मे सीआरपीएफ की परीक्षा में सफल होकर एस आई के पद पर चयनित हुए अनुराग ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता परिवार बालो के साथ साथ मार्गदर्शन करने बाले गुरुजनो का दिया है। अनुराग की इस सफलता पर उन्हें उनके ईष्ट मित्र शुभचिंतकों ने बधाई दी बधाई देने बालों मे मेहरबान सिंह धाकड़ पंडित रामबाबु शर्मा गोपाल सोनी मिंटुलाल बाखर देशराज कलेशिया रामलला यादव बृज्र मोहन पाषर्द शक्ति शर्मा राजीव रघुवंशी योगेश शर्मा शिवकुमार उपरिंग डा नीलेश अरविंद साहु खुरम खां जीतू शर्मा अजय दुबे लखन रघुवंशी पत्रकार सहित शामिल हैं।

### राघोजी गोशाला में गोवर्धन पूजन कार्यक्रम



**राघौगढ़।** बुधवार को नगर पालिका राघौगढ़-विजयपुर में गोवर्धन पर्व के अवसर पर राघोजी गौ शाला में गोवर्धन पूजन कार्यक्रम रखा गया है। जिस में गोवर्धन पूजन उपरांत गौ माता की पूजन कर घास एवं गुड़ खिलाया गयाइस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव, जनप्रतिनिधि,गौ सेवक एवं नगर पालिका स्टॉफ आदि उपस्थित रहे।

### आरोन में अवैध पटाखा दुकान संचालन पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

**आरोन।** जिले के आरोन थाना पुलिस द्वारा आरोन कस्बे में अवैध पटाखा दुकान संचालन की सूचना पर सख्त कार्यवाही करते हुए दुकान संचालक के विरूद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अवैध आतिशबाजी जप्त की गई है । बीती शाम जिले के आरोन थाना पुलिस को आरोन के दास हनुमान मंदिर के पास शासकीय सोसायटी परिसर में एक व्यक्ति के बिना किसी लायसेंस के आतिशबाजी की दुकान लगाकर बिक्रय किये जाने की सूचना प्रापत हुई थी। इस सूचना के मिलते ही आरोन थाने से पुलिस की एक टीम तत्काल सोसायटी परिसर में उक्त दुकान पर पहुंची, दुकान पर मिले व्यक्ति ने अपना नाम सलीम खांन पुत्र हवीब खांन उम्र 50 साल निवासी मेहमूदगंज आरोन का होना बताया एवं जिससे पटाखा दुकान लगाकर आतिशबाजी बिक्रय किये जाने का लायसेंस मांगे जाने पर उसके पास कोई लायसेंस नहीं पाया गया एवं जो बिना किसी लायसेंस के ही पटाखों की दुकान लगाकर आतिशबाजी बेचता पाया गया।

### शाही पालकी में तैयारियों को लेकर बैठक में हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# 30 अक्टूबर को निकलेंगे खाटू नरेश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्री श्याम परिवार गुना के तत्वावधान में शाही पालकी महोत्सव बड़ी ही धूम-धाम से मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में शओमप्रकाश माहेश्वरी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गईं जिसमें एक सेकड़ा से अधिक श्याम प्रेमी उपस्थित रहे। शाही पालकी महोत्सव के संयोजक राजेश अग्रवाल ने बताया कि बैठक में और बेहतर प्रबंधन को लेकर विस्तृत चर्चा की गईं । यात्रा मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था श्री राजपूत करणों सेना द्वारा ली गई जबकि प्रसादी वितरण व्यवस्था अग्रवाल नवयुवक दल, अग्रोहा युवा ग्रुप, जूनियर युवा ग्रुप द्वारा निभाई जाएगी ।बैठक में उपस्थित श्याम प्रेमियों द्वारा कई सुझाव दिए गए एवं सभी कारगर सुझाव सर्व सम्मति से पारित किये गये ।शाही पालकी होटल सम्राट हनुमान चौराहे से दोपहर 1.30 बजे प्रारंभ होकर हाटरोड , सदर बाज़ार , लक्ष्मीगंज , गुरुद्वारा , जय स्तंभ चौराहा होते हुए रात्रि 8.30 बजे तक पवनश्री गार्डन पर विराम लेगी , जहाँ बाबा श्री श्याम की महाआरती संपन्न होगी । महाप्रसादी पेक थाली वितरण ठीक रात्रि 8.15 बजे प्रारंभ किया जाएगा । शाही पालकी 2025 चुनरी थीम रहेगी , सभी को आवश्यक रूप से पधारना हे लेकिन यदि निर्धारित गणवेश पुरुष वर्ग श्वेत कुरता पायजामा एवं महिलायें राजस्थानी परिवेश ( चुनरी, लहरिया , बाँधनी , पटोला इत्यादि प्रिन्ट अथवा लहंगा चुनरी ) में शामिल हों तो अति उत्तम होगा । सभी महिला पुरुषों के मेहंदी रचे हाथ हों ।बाबा श्याम के जन्मोत्सव समारोह को धूमधाम से मनाने हेतु सभी सनातनी घरों एवं संस्थानों पर दीपावली की विधुत साज सज्जा ( लाईट्स ) आगामी एकादशी तक यथावत रखें । यात्रा मार्ग में जिनके घर , संस्थान हों वो कम से कम एक हेलोजन अवश्य लगायें ताकि शाही पालकी यात्रा मार्ग जगमगाता रहे । श्याम नाम के पट्टे शाही पालकी यात्रा मार्ग में एवं होटल सम्राट पर सशुल्क रु.50/- में उपलब्ध रहेंगे ।लेकिन मात्रा सीमित होने से पहले आयें पहले पायें । शाही पालकी यात्रा मार्ग में अपने घरों एवं संस्थानों के सामने रांगोली सजायें , पुष्प वर्षा करें , इत्रवर्षा कर बाबा को रिझायें ।९. शाही पालकी में बाबा के शीश का स्पर्श निषेध रहेगा। शाही पालकी में सवार बाबा को इत्र रूई में भिगोकर पालकी में अर्पित करें छिड़के नहीं , जिससे बाबा का श्रंगार यथावत रहे ।शाही पालकी यात्रा में सदैव की भांति गुलाल पूर्णतः प्रतिबंधित , परन्तु आतिशबाजी जम कर करें।. शाही पालकी विश्राम हेतु *मज़बूत स्वच्छ टेबल ( दो टेन्ट हाउस टेबल ) एवं निर्धारित कम से कम पाँच किलो गुलाब पंखुड़ियाँ आवश्यक हैं एवं टेबल चारों और फूल के कंठे से कवर करने हेतु 355 का कन्ठा भी लगाने की कृपा करें । शाही पालकी विश्राम का समय अधिकत्तम २ मिनिट रहेगा जिससे पवनश्री गार्डन समय से पहुंचा जा सके।

यदि आरती करने बाले सदस्य अधिक हैं तो आरती थाली की संख्या बड़ाकर 5 अथवा 11 करें ताकि सबको मौका भी मिले और विलंब भी ना हो ।बाबा श्री श्याम के अद्भुत स्वरूप को निहारें , पूरी आरती गाने का प्रयास ना करें ।. स्वागत द्वार की सहयोग राशि पूर्व की भांति रु. 2100/- निर्धारित की गई हे, साथ ही दो कूपन अन्नकूट महाप्रसादी के निशुल्क उपलब्ध कराये जायेंगे ।

### युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम 29 अक्टूबर को आईटीआई राघौगढ़ में

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशन एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में प्रत्येक माह निर्धारित दिवस को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के समन्वय व सफल आयोजन के लिए कलेक्टर कन्याल द्वारा जारी आदेशानुसार सम्बंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई हैं।

इसी क्रम में जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर दिनांक 29 अक्टूबर शासकीय आईटीआई राघौगढ़ जिला गुना में प्रातः 11 बजे से जिला स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए अवसर उपलब्ध कराने आकांक्षी युवाओं को लाभान्वित किया जाता है। इसमें प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनिया शामिल होंगी। जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसे बेरोजगार जिनकी योग्यता 8वीं/ 10वीं/ 12 वीं / स्नातक एवं आईटीआई हैं और 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग के भाग ले सकते हैं।

युवा संगम में आकांक्षी युवा को रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए एक ही मंच पर किया जाता है। लाभान्वित युवा संगम में संबंधित विभागों द्वारा अलग अलग स्वरोजगार, हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा, साथ ही ऐसे विभाग जिनमे स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजना संचालित होती है उनके हितग्राहियों को भी हितलाभ वितरण किया जाएगा।

युवा संगम में शासन आदेशानुसार युवक-युवतियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी, नशामुक्ति और वित्तीय साक्षरता की जानकारी देने की व्यवस्था की जाती हैं साथ कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना सहित स्टार्टअप 2025 की जानकारी भी युवाओं को उपलब्ध कराई जावेगी। युवा संगम कार्यक्रम में चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। निजी क्षेत्र की कोई भी कंपनियां यदि चयन के दौरान आवेदकों से पैसे मांगती है, तो तत्काल रोजगार कार्यालय को अवगत कराएं।

# गोकुलधाम गोशाला में गोवर्धन पूजा की, गोसेवकों हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭चाचौड़ा







नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज अंतर्गत स्थित गोकुलधाम गौशाला में इस वर्ष गोवर्धन पूजा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और गौसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि अनिरुद्ध मीणा पेची, मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह मीणा, एसडीएम रवि मालवीय, तहसीलदार मयंक खेमरिया, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता प्रदीप नाटाणी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रबल प्रताप सिंह निक्की, नगर परिषद उपाध्यक्ष रश्मि कल्लू शर्मा, पार्षदगण सुनील सैनी, राजेश्वरी जादौन, गैंदी बाई पटलन, समाजसेवी मनीष यादव, सुधांशु राजावत सहित बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्ध नागरिक, गौसेवक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर परिषद द्वारा गौसेवा में सक्रिय योगदान देने वाले शिक्षक लक्ष्मीकांत वर्मा एवं शअंशुमन सोनी का शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया।पूजा-पाठ, गोवर्धन पर्व की परिक्रमा एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### स्वदेशी को बढ़ावा देने का संदेश, सर्व मीना समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मीना ने बीनागंज में की स्वदेशी खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭बीनागंज



देश का पैसा देश में रहे, इस संदेश को सार्थक रूप देते हुए सर्व मीना समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मीना ने रविवार को बीनागंज बाजार में जाकर स्वदेशी निर्मित वस्तुओं की खरीदारी की। उन्होंने झंडा चौक पर स्थित एक हाथ ठेले वाले व्यापारी से हाथ से बने मिट्टी के दीपक, दीये, सजावटी सामग्री और अन्य स्वदेशी उत्पाद खरीदे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों और दुकानदारों से बातचीत कर उन्हें भी स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के लिए प्रेरित किया।

जगदीश मीना ने कहा कि आज देश में अनेक कारीगर, छोटे व्यापारी और ग्रामीण महिलाएं परंपरागत रूप से मिट्टी, कपड़ा, बांस, लकड़ी और अन्य प्राकृतिक साधनों से सुंदर वस्तुएं बनाती हैं। अगर हम दीपावली जैसे त्यौहारों पर इन्हीं स्थानीय निर्मित वस्तुओं की खरीदारी करें, तो न केवल हमारे त्योहार की रौनक बढ़ेगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि विदेशी वस्तुओं की जगह स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारा छोटा लेकिन महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने लोगों से अपील की कि दीपावली के अवसर पर बाजार में उपलब्ध स्थानीय उत्पादों को ही खरीदें, ताकि छोटे व्यापारियों और कारीगरों की मेहनत को उचित सम्मान और आय मिल सके। इस दौरान उनके साथ समाज के कई कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे आने वाले त्योहारों और दैनिक जीवन में भी 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को आगे बढ़ाएंगे और देश में निर्मित वस्तुओं को ही प्राथमिकता देंगे।जगदीश मीना के इस कदम की स्थानीय व्यापारियों और समाजजनों ने सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयासों से स्वदेशी भावना को नई ऊर्जा और पहचान मिलेगी।

# जिले में सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा रहा खाद का वितरण

**अशोकनगर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जिला अशोकनगर से संबद्ध 62 प्राथमिक सहकारी समितियों के कुल लगभग 10 हजार ड्यू सदस्य कृषकों को समितियों के माध्यम से डीएपी,एनपीके एवं यूरिया खाद का वितरण किया जा चुका है। इसी क्रम में बैंक द्वारा जिले के कृषकों को आवश्यक खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जिससे किसानों को समय पर खाद उपलब्ध होने से उनकी कृषि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न हो। बैंक के अशोकनगर जिले अंतर्गत कुल लगभग 12 हजार ओवरड्यू सदस्य हैं। बैंक द्वारा इन कालातीत ऋणधारी सदस्यों से निरंतर अपील की जा रही है कि वे शीघ्र अपने बकाया ऋण का भुगतान कर नवीन ऋण सुविधा का लाभ प्राप्त करें। बैंक का उद्देश्य है कि जिले के अधिकतम कृषक समय पर ऋण चुकाकर पुनः सशक्त रूप से कृषि उत्पादन में योगदान दे सकें।

इसके साथ ही, जो कृषक अब तक हमारी समितियों से नहीं जुड़े हैं, उन्हें नवीन सदस्यता प्रदान कर सदस्य बनाए जाने की कार्यवाही की जा रही है, जिससे उन्हें उनकी निकटस्थ समिति से ही खाद एवं अन्य सहकारी सुविधाएं सुगमता से प्राप्त हो सकें। यह पहल सहकारिता के विस्तार तथा कृषक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बैंक की 15 शाखाओं के माध्यम से ग्राहकों को न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है जैसे- आवास ऋण, वाहन ऋण, गोल्ड ऋण, एग्रीकल्चर टर्म ऋण आदि उक्त सभी ऋण की जानकारी के लिए जिला सहकारी बैंक की शाखायो से संपर्क कर लाभ प्राप्त कर सकते है।

बैंक की 15 शाखाओं के माध्यम से ग्राहकों को अन्य बैंकों की तुलना में अधिक ब्याज दर पर अमानत संग्रहण की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह ग्राहकों के लिए एक अत्यंत आकर्षक अवसर है, जिससे उन्हें अपनी जमा राशि पर बेहतर रिटर्न प्राप्त होता है। विशेष रूप से फिक्स्ड डिपॉजिट एवं रिकरिंग डिपॉजिट जैसे दीर्घकालीन निवेशकों के लिए यह योजना अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। उच्च ब्याज दर वाली योजनाएं ग्राहकों को अपनी मौजूदा अमानतें अन्य बैंकों से स्थानांतरित करने के लिए भी प्रेरित कर रही हैं। इस पहल से न केवल ग्राहक आर्थिक रूप से लाभान्वित हो रहे हैं, बल्कि बैंक को भी अधिक अमानतें प्राप्त हो रही हैं, जिससे बैंक की पूंजी आधार को मजबूती मिल रही है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित गुना कृषकों, ग्राहकों एवं सहकारी संस्थाओं के हित में निरंतर कार्यरत है।



### कलेक्टर ने जिला रेडक्रास सोसायटी कार्यालय का किया शुभारंभ

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में भारतीय रेडक्रास सोसायटी की जिला शाखा अशोकनगर के कार्यालय का किया शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि अशोकनगर जिले में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सेवा के कार्य को गति दी जाएगी समाज के लिए जो भी रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा अच्छे से अच्छा करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही कार्यालय के माध्यम से समाज के क्षेत्र में कार्य करने में हमें गति प्रदान होगी सभी रिकॉर्ड व्यवस्थित रहेगा। इस अवसर पर जिला रेडक्रास सोसयटी चेयरमेन दीपक मिश्रा, पूर्व चैयरमेन हरबंस जुनेजा, वॉइस चैयरमेन हरवीर रघुवंशी, प्रदेश प्रतिनिधि संजय रघुवंशी, प्रेम सडाना, राजकुमार शर्मा, अशोक शर्मा, प्रमोद सिंह राजावत, बालचंद नरवरिया, हरिओम शर्मा, उपेंद्र पाराशर, आचार्य जगदीश शर्मा सहित सदस्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

डॉ. आयुष जाखड़ की पहल से चमकी दिवाली

### पुलिस ने आदिवासी गांवों में मिठास बांटकर मनाया दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭दिनारा




दीपों की चमक और आतिशबाजी की रोशनी में डूबे इस पर्व पर पुलिस ने अनोखा रूप अपनाया। करैरा एसडीओपी डॉ. आयुष जाखड़ के नेतृत्व में टीम ने आदिवासी लोगों के बीच पहुंचकर न केवल उत्सव मनाया, बल्कि जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। ग्रामीण इलाके सिल्लारपुर, अमोला और सिरसौद में जाकर बच्चों को मिठाइयां, युवाओं को फल-सब्जियां तथा बुजुर्गों को गर्म वस्त्र सौंपे गए। यह पहल न केवल पर्व की भावना को मजबूत करती है, बल्कि कानून व्यवस्था के रखवालों की मानवीय संवेदनशीलता को भी उजागर करती है। डॉ. जाखड़, जो आईपीएस अधिकारी होने के साथ-साथ अपना समाजसेवी चेहरा भी उजागर किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा, सच्ची प्रसन्नता तब मिलती है जब हम पराए दर्द में अपनी सांत्वना तलाशें। उनकी यह सोच थाने की चारदीवारी से बाहर निकलकर समाज के कोने कोने तक पहुंची है। पोस्टिंग के बाद से वे पारंपरिक कर्तव्यों से इतर सामाजिक जिम्मेदारियों पर जोर दे रहे हैं। जो व्यक्ति दूरदराज के क्षेत्रों से न्याय की उम्मीद लिए भटकता है, वह अब सीधे उनसे संपर्क कर सकता है।

### घर-घर सजे गोबर के गोवर्धन, अन्नकूट का भी किया आयोजन

# शहर में श्रद्धा और भक्ति के साथ की गई गोवर्धन पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭मुंगावली





दीपावली पर्व की रोशनी और उल्लास के बाद बुधवार को नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में गोवर्धन पूजा का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर के घरों, गलियों और मंदिरों में धार्मिक माहौल बना रहा। महिलाओं ने प्रातःकाल गोबर से सुंदर गोवर्धन पर्वत बनाए और पूजा-अर्चना की।

शहर के स्टेशन रोड, पुराना बाजार, ग्वाल मोहल्ला, बस स्टैंड सहित कई इलाकों में लोगों ने पारंपरिक तरीके से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की। घर-घर में गोबर से बने गोवर्धन पर्वत और पशुओं की प्रतिमाएं सजाई गईं। बच्चों ने भी इस धार्मिक उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया और दीयों से सजावट की। पूजा के दौरान भक्तों ने गोवर्धन महाराज की जय, श्रीकृष्ण गोवर्धन की जय के जयघोष लगाए। इसके बाद अन्नकूट का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन भगवान को भोग स्वरूप अर्पित किए गए। कई स्थानों पर भक्तों को अन्नकूट प्रसादी का वितरण भी किया गया गौशालाओं में भी इस अवसर पर विशेष पूजा का आयोजन हुआ। गौमाता की पूजा कर गो सेवकों का सम्मान किया गया। श्रद्धालुओं ने गाय के चरणों में पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। गोवर्धन पूजा के इस पारंपरिक पर्व ने नगर में भक्ति, एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। श्रद्धालुओं का कहना था कि यह पर्व हमें प्रकृति और पशुधन के प्रति सम्मान का भाव सिखाता है। नगर में दिनभर धार्मिक संगीत, आरती और दीयों की रौशनी से आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

#### गोवर्धन पूजा का आयोजन हुआ

राजपुर में गायों की पूजा अर्चना कर छप्पन भोग लगाएं गए। यह कार्यक्रम डॉ. दुबे के छोटे भाई सत्यनारायण शर्मा के मकान पर रखा गया। जिसमें गोवर्धन वना कर छप्पन व्यंजन का भोग लगा कर पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई। इसके बाद परिक्रमा दी गई।

पिपरई नगर परिषद के ग्राम बेलई में गौशाला पर भगवान गोवर्धन की पूजा अर्चना का आयोजन हुआ। गौशाला पर भगवान गोवर्धन की पूजा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राव बृजेंद्र सिंह यादव तहसीलदार अनीश धाकड़ नगर परिषद सीएमओ अशोक वर्मा सांसद प्रतिनिधि लखन कटारिया विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव नगर परिषद उपाध्यक्ष कप्तान सिंह यादव एवं पार्षद और समस्त ग्रामवासी पंडित अरविंद भार्गव के द्वारा मंत्र पडकर भगवान गोवर्धन जी की पूजा आतिशबाजी चला कर और आरती की। गौशाला पर गाय माता की गुड खिलाकर आरती कर पूजा की और भगवान गोवर्धन की परिक्रमा सभी ने लगाई।

**क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड**
टैंकर पार्किंग ऐरिया, गैल काम्प. विजयपुर, जिला-गुना (म.प्र.)-473112
ई-मेल- ro.mppcbguna26@gmail.com

LiFE Lifestyle for Environment

**पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई की आम सूचना**

हितबद्ध व्यक्तियों (Interested persons) को यह सूचित किया जाता है कि, मेसर्स अर्चना रघुवंशी प्रोप. मेसर्स छाया ट्रेडर्स, सीमेंट संयंत्र, ग्रामः- लुकवासा, खसरा नंबर 1791, रकवाः 0.1875 हेक्टेयर, क्षमताः 50 टन/दिन, तहसील कोलारस, जिला शिवपुरी, (म.प्र.) हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 (ई) दिनांक 14.09.2006 एवं यथासंशोधित के तहत पर्यावरणीय स्वीकृतिं प्राप्त करना अनिवार्य है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त के लिए म.प्र. समाधात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) भोपाल में आवेदन प्रेषित किया गया है एवं राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति (SEAC) द्वारा उक्त प्रस्तावित परियोजना हेतु टी.ओ.आर जारी किया गया है, जिसमें लोक सुनवाई की शर्त का समावेश है। बोर्ड मुख्यालय, भोपाल में परियोजना प्रबंधन द्वारा लोक सुनवाई हेतु दिनांक 03.09.2025 को आवेदन प्रेषित किया गया है, जिस पर कार्यवाही करते हुयें बोर्ड के पत्र क्रमांक 637 दिनांक 22.09.2025 द्वारा लोक सुनवाई की तिथि व स्थान नियत करने हेतु कलेक्टर, शिवपुरी को लिखा गया है।

कार्यालय कलेक्टर, (स्वनिज शास्खा) जिला शिवपुरी के पत्र क्रमांक 1277 दिनांक 16.10.2025 द्वारा प्रस्तावित परियोजना की लोक सुनवाई हेतु निम्नानुसार दिनांक, समय व स्थान नियत किया गया हैः-

| लोक सुनवाई की दिनांक व समय | लोक सुनवाई का स्थान | टीप |
|---|---|---|
| 27.11.2025 समय 11:00 से | परियोजना परिसर ग्रामः लुकवासा, तहसील कोलारस, जिला शिवपुरी, (म.प्र.) | अपर कलेक्टर, जिला शिवपुरी की अध्यक्षता में की जाना प्रस्तावित है। |

हितबद्ध व्यक्तियों (Interested persons) को यह सूचित किया जाता है कि, उक्त प्रस्तावित परियोजना का प्रारुप पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन प्रतिवेदन (ई.आई.ए) तथा इसके कार्यकारी सारांश की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी हिन्दी व अंग्रेजी में जनअवलोकनार्थ निम्नलिखित प्राधिकारियों/कार्यालयों में जन अवलोकनार्थ रखी रहेगी, जिसे किसी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| 1. | म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, (मुख्यालय) पर्यावरण परिसर, ई-5 अरेरा कालोनी, भोपाल (म.प्र.)। |
| 2. | म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, की वेबसाइट www.mppcb.nic.in |
| 3. | प्रभारी अधिकारी, बोर्ड मुख्यालय (आई.टी. सेक्शन) म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल (म.प्र)। |
| 4. | मुख्य वन संरक्षक, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन, लिंक रोड, क्रमांक-3 राजयोग भवन के पास, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल (म.प्र.)। |
| 5. | कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जिला-शिवपुरी (म.प्र.)। |
| 6. | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय जिला पंचायत, जिला-शिवपुरी (म.प्र.)। |
| 7. | महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला-शिवपुरी (म.प्र.)। |
| 8. | सचिव, ग्रामः- लुकवासा, तहसील कोलारस, जिला शिवपुरी, (म.प्र.) । |
| 9. | क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विजयपुर, तहसील-राघौगढ़, जिला-गुना (म.प्र.)। |

प्रस्तावित परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय विषय पर सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी, आपत्ति आदि, यदि कोई हों, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर, क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, टैंकर पार्किंग ऐरिया, गैल कॉम्पलेक्स विजयपुर, तह. राघौगढ़, जिला-गुना (म.प्र.) में दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा, नियत्त तिथी, समय और स्थान पर लोक सुनवाई आयोजित की जाएगी, जिसमें उपस्थित होकर प्रस्तावित परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी, आपत्ति आदि दर्ज करा सकते हैं।

**क्षेत्रीय अधिकारी**